an>

Title: Regarding construction of Railway track between Kasganj and Aligarh.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारतीय रेलवे के अति व्यस्तम नई दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर भार कम करने के लिए अपना सुझाव रखना चाहता हूँ । उत्तर प्रदेश के कई अति पिछड़े जिलों जैसे कासगंज, एटा, फरूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात को देश की राजधानी दिल्ली, कोलकाता तथा पूर्वोत्तर भारत से सीधे रेलमार्ग से जोड़ा जाए । उत्तर-मध्य रेलवे के अलीगढ़ रेलवे स्टेशन तथा पूर्वोत्तर रेलवे के कासगंज जंक्शन को यदि एक नए रेलमार्ग से जोड़ दिया जाए तो नई दिल्ली से अलीगढ़, कासगंज, फरूखाबाद होते हुए एक छोटा सुगम मार्ग कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन के लिए मिल जाएगा । इसकी लंबाई मात्र 53 किलोमीटर है और इसका सर्वे भी हो चुका है । इस नए रेलमार्ग के बनने से नई दिल्ली-कानपुर के मध्य अति व्यस्तम मार्ग का भार और भी कम हो जाएगा ।

अत:, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि यदि कासगंज और अलीगढ़ के बीच 53 किलोमीटर का नया रेलमार्ग बना दिया जाए तो इससे हमारी लोक सभा क्षेत्र के साथ कम से कम सात और लोक सभा क्षेत्रों को इसका बेनिफिट मिलेगा ।

माननीय सभापति : श्री राजमोहन उन्नीथन- उपस्थित नहीं ।